**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 16.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली देहात मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम/भटकी हुई 03 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर बच्ची को सकुशल किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली देहात मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम/भटकी हुई 03 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो आज दिनांक 16.08.2026 को ग्राम चौकीदार पिपरी द्वारा थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी गई कि पिपरी पुल के नीचे करीब 03 वर्षीय एक बच्ची अकेली एवं भटकी हुई अवस्था में मिली है। सूचना पर तत्काल कोतवाली देहात मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्ची को सकुशल थाने लाकर उसकी देखरेख की गई तथा बच्ची का फोटो एवं आवश्यक जानकारी से आस-पास के लोगों से पूछताछ पर बच्ची की पहचान राशि पुत्री जशवंत निवासी ग्राम चहितारा थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल बच्ची के परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाना कोतवाली देहात बुलाया गया। थाने पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा बच्ची एवं उसके परिजनों की काउंसलिंग की गई। आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बच्ची को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने बांदा पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम की तत्परता, संवेदनशीलता एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. म0कां0 रानू देवी
2. म0का0 पुष्पा कुशवाहा
3. हो0गा0 देवेन्द्र भदौरिया
4. ग्राम पिपरी चौकीदार शिवकुमार